
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जान हथेली पर रखकर ट्रॉली के सहारे आरपार होने को मजबूर

**जिम्मेदार कौन**

### हल्की सी चूक बनने लगी खतरा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर को जोड़ने वाली ट्रॉली बनी आफत

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। बीते साल ग्यारह अगस्त 2008 को सीमांत के नामिक क्षेत्र में हुई भीषण बारिश के चलते रामगंगा नदी खासी उफान पर आ गयी थी। बता दें कि इस दौरान नाचनी में सीमांत जनपद पिथौरागढ़ को जोड़ने वाला लोहे का पुल रामगंगा में समा गया। वही दूसरी ओर इस पुल के नदी में समा जाने के कारण बागेश्वर के कपकोट तहसील के सात गांवों का संपर्क कट गया था।

जानकारी के मुताबिक बागेश्वर जिले इन तीनों गांवों का बाजार नाचनी है। गावों में प्राथमिकी शिक्षा से लेकर जूनियर व इंटर स्तर तक की शिक्षा ग्रहण करने के लिए गांवों के बच्चों को नाचनी आना पड़ता है। वही दूसरी ओर जरूरती कामकाज के लिए गांवों के इन बच्चों के माता पिता और क्षेत्र की महिलाओं को बाजार के कामकाज के लिए भी नाचनी आना जाना



पड़ता है। क्षेत्र में पुल के नदी में समा जाने के बाद सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के लोनवि ने क्षेत्र वालों की आवाजाही को देखते को लंबे जद्दोजहद के बाद ट्राली लगाई। क्षेत्र के ग्रमीणों को तब से लेकर आज तक जान हथेली पर रखकर रस्सी खींचकर इस ट्रॉली के सहारे आरपार होने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही कोरोना काल से लेकर अब तक क्षेत्र के गामीणों को एक दूसरे को रस्सी खींचकर आरपार कराना पड़ रहा है।

आलम यह है कि बार बार रस्सी खीचनें के आगे अब तक ग्रमीणों के हाथों में मोटे मोटे छाले पड़े हुए ठीक नही हो पा रहें है। वही सीमांत में अब तक यह ट्रॉली दो लोगों को मौत की चपेट में ले चुकी है। क्षेत्र में अब ट्रॉली काल का ग्रास बनने लगी है। तीन साल बीत चुके है मगर आज तक क्षेत्र के लोगों के लिए पैदल चलने वाला पुल लोनवि तैयार तक नही कर पाया है।

क्षेत्र के लोगों को जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है। दो जिलों को जोड़ने वाले क्षेत्र में बग तक पैदल पुल का निर्माण हो पाना क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद चिंता का विषय बन चुका है। अब क्षेत्र में ग्रमीणों को डर सता रहा है कि हल्की सी चूक कही अब जानलेवा न साबित हो जाए। क्षेत्र के ग्रमीणों के यह ट्राली अब आफत का कहर बन चुकी है।

## न्यूज डायरी

### उत्तराखंड में मानसून का कहर जारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में मानसून का कहर जारी है। राज्य के पर्वतीय जनपदों में आज भी भारी बारिश का सिलसिला जारी रहा। पौड़ी, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी तथा चमोली जिले में हो रही भारी बारिश के कारण भूस्खलन से प्रमुख राजमार्गों पर जगह–जगह आवागमन ठप हो गया है। खराब मौसम के कारण आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को केदारनाथ दौरा रद्द करना पड़ा। बीते तीन दिनों से राज्य में हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण राज्य की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। राज्य के सभी प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों सहित सौ से अधिक सड़कों पर आवाजाही ठप हो गई है। आज सुबह से ही उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में भारी बारिश हो रही है।

### नैनीताल में बारिश के चलते पहाड़ी से आया भारी मलबा

**संवाददाता** नैनीताल। बीते तीन दिन से लगातार हो रही बारिश कहर बरपा रही है। भारी बारिश के चलते शहर के समीपवर्ती बल्दियाखान कूण क्षेत्र में भूस्खलन होने से भारी मलबा पहाड़ी से नीचे आ गया। गनीमत रही कि मलबे के नीचे स्थित भवनों तक मलबा पहुंचा दो लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद ज्येष्ठ प्रमुख और विभागीय अधिकारी राहत कार्य में जुटे हैं। वही बारिश के चलते शहर में बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिस कारण आधे शहर में पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। बीते तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की दुश्वारियां बढ़ा दी है। शहर के समीपवर्ती बल्दियाखान खान कूण क्षेत्र में बारिश के चलते भूस्खलन हो गया। जिससे भारी मलबा पहाड़ी से आबादी क्षेत्र की ओर आने लगा।

### रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने रिलायंस हेल्थ सुपर टॉप–अप पॉलिसी को लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आज रिलायंस हेल्थ सुपर टॉप–अप इंश्योरेंस पॉलिसी को लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य पर्याप्त हेल्थ कवरेज नहीं मिल पाने की समस्या को दूर करना है, क्योंकि उस स्थिति में इलाज पर होने वाला खर्च मानक कवरेज से अधिक हो जाता है और ग्राहक द्वारा अपनी जेब से किया जाने वाला व्यय भी काफी बढ़ जाता है। इस पॉलिसी को खुदरा ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसे 18 से 65 साल की उम्र का कोई भी व्यक्ति खरीद सकता है। चिकित्सा लागत दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में रिलायंस हेल्थ सुपर टॉप–अप आपके लिए अपने स्वास्थ्य बीमा कवरेज को बढ़ाने का एक किफायती तरीका है, जो आपको कई बेमिसाल फायदे प्रदान करता है।

# दोनों डोज लेने वाले बिना कोरोना जांच के कर सकेंगे उत्तराखंड में प्रवेश

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना के चलते बीते साल से पटरी से उतरे पर्यटन को धीरे– धीरे गति मिलने लगी है। कोरोना के तेजी से कम होते मामलों के बीच सरकार भी कोरोना गाइडलाइन पर केंद्रीत पर्यटन गतिविधियों को रफ्तार देने का काम कर रही है। जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलने के साथ नुकसान से बचाया जा सके। राज्य सरकार द्वारा सोमवार को जारी एसओपी के अनुसार दोनों टीका लगवा चुके दूसरे राज्यों के पर्यटक देहरादून स्मार्ट सिटी के पोर्टल पर पंजीकरण कर बिना रोकटोक के राज्य में प्रवेश कर सकते हैं। इतना ही नहीं प्रदेश के मैदान क्षेत्रों से पहाड़ी जिलों में जाने के लिए कोविड जांच की नेगेटिव रिपोर्ट की अनिवार्यता भी खत्म की दी गई है। पर्यटन उद्योग उत्तराखंड की आर्थिकी की रीड है। ऐसे में उत्तराखंड सरकार ने कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लेने वाले आगंतुओं को बड़ी राहत दी है। राज्य सरकार ने ऐसे लोगों के लिए राज्य में प्रवेश के लिए निगेटिव आरटी–पीसीआर रिपोर्ट की बाध्यता को खत्म कर दिया है। कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके पर्यटक अब बिना किसी रिपोर्ट के उत्तराखंड में एंट्री कर सकते हैं। हालांकि सरकार की ओर से ये भी साफ किया गया है कि सभी यात्रियों को राज्य में लागू किए गए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा। मास्क पहनने, हाथ को बार–बार धोने और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करना होगा।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून**

पत्रांक–523/निविदा दिनांक– 19–07–2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल महोदया, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0 देहरादून द्वारा निम्नलिखित कार्य की सीलबंद निविदाएं दिनांक 03.08.2021 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.07.2021 से दि0 02.08.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दि003.08.2021 को अपराहन 03.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1– कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 11वां वृत्त, लो0नि0वि0, देहरादून।
2– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, वि/यां0 खण्ड लो0नि0वि0, देहरादून।
4– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, वि/यां0 खण्ड लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | निविदा की वैधता | कार्य की समाप्ति अवधि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता दिवस समारोह 2021 के अवसर पर सचिवालय परिसर देहरादून के विभिन्न भवनों में अस्थाई विद्युत दीपमालाओं से प्रकाशमय किये जाने का कार्य। | 12500/– | 1000 + 18% G.S.T. | 60 दिन | 05 दिन | कार्य मे अनुभवी ठेकेदार/फर्म। |

निविदा दिनांक 04.08.2021 को अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।


# असंवैधानिक है कर्मचारियों का वेतन रोकना: नैनीताल हाईकोर्ट

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने रोडवेज कर्मचारियों को पिछले छः माह से वेतन नहीं दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मंगलवार को वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव, वित्त सचिव, परिवहन सचिव , महानिदेशक परिवहन, एडवोकेट जनरल, मुख्य स्थाई अधिवक्त सुनवाई में जुड़े।

कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए है कि जो 34 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किए है, वह आज या कल तक निगम को दें। कर्मचारियों के भविष्य में वेतन दिए जाने पर कहा कि एक संपूर्ण प्रपोजल बनाकर आगामी कैबिनेट मीटिंग में रखें। जिससे कि यह समस्या बार–बार न आने पाए। अपने आदेश में

> एक संपूर्ण प्रपोजल बनाकर आगामी कैबिनेट मीटिंग में रखें

यह भी कहा है कि सरकार को यह अधिकार नही है, कि वह कर्मचारियों का वेतन रोके। यह संविधान के अनुच्छेद 14,19, 21 और मानवाधिकार आयोग का खुला उल्लंघन है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि पूर्व में कोर्ट ने केंद्र सरकार के परिवहन मंत्रालय को निर्देश दिए थे कि परिसम्पतियों के बंटवारे के लिए दोनों राज्यो के मुख्य सचिवों के साथ बैठक कर निर्णय लें परन्तु अभी तक उस पर कुछ भी नही हुआ। तीन माह के भीतर दोनों प्रदेशो के मुख्य सचिवों की बैठक कर इस मामले में निर्णय लें। उत्तराखंड को बने 21 साल होने को है अभी तक बटवारा नही हो पाया है। जबकि अभी केंद्र व दोनों राज्यो में एक ही पार्टी की सरकार है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई चार अगस्त की तिथि नियत की है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरएस चौहान व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खण्डपीठ में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने परिवहन सचिव से पूछा कि 34 करोड़ रुपये आपको मिले या नही। जिस पर उनके द्वारा कोर्ट को बताया गया कि अभी नही मिले। सरकार ने 34 करोड़ रुपये जारी करने का जीओ पास कर दिया है।जिस पर कोर्ट ने आज या कल सरकार से 34 करोड़ रुपये रिलीज करने को कहा। महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर द्वारा केस का नेचर सर्विस से जुड़ा होने की बात कोर्ट से कही।

### माइक्रोसाफ्ट ने पेश किया विंडोज 365 कंप्यूटिंग की नई कैटेगरी में रखा कदम

**संवाददाता** देहरादून। माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन ने विंडोज 365 की शुरुआत करने की घोषणा की है जो ऐसी क्लाउड सेवा है हर आकार के कारोबारों को विंडोज 10 या विंडोज 11 का अनुभव पाने का नया तरीका लेकर आता है। विंडोज 365, ऑपरेटिंग सिस्टम को माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड पर लेकर जाता है और ऐप्लिकेशन, डेटा और सेटिंग जैसा विंडोज का पूरा अनुभव पर्सनल या कॉरपोरेट डिवाइसों तक पहुंचाता है। डिजाइन की मदद से सुरक्षित बनाया गया और विंडोज 365 क्लाउड में सूचनाओं को सुरक्षित और स्टोर करता है, न कि डिवाइस पर जिससे इंटर्न लेकर कॉन्ट्रैक्टर, सॉफ्टवेयर डेवलपर और इंडस्ट्रियल डिजाइनर तक सभी कर्मचारियों को सुरक्षित और काम करने के लिहाज से बेहतर अनुभव मिलता है। विंडोज 365 के आने से एक नई हाइब्रिड पर्सनल कंप्यूटिंग कैटेगरी सामने आई है जिसे क्लाउड पीसी कहा जाता है जो पूरी तरह से और वैयक्तिकृत विंडोज अनुभव देने के लिए क्लाउड की ताकत और डिवाइस की क्षमताओं, दोनों का इस्तेमाल करता है।